# University in News on 26 June 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### अंतरिक्ष के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए अभियान



राजभवन में अंतरिक्ष विज्ञान शिक्षा संवर्द्धन कार्यक्रम 'आविष्कार के क्रियान्वयन' को लेकर हुई बैठक में मौजूद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधिकारी। - संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

**राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक**

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में अंतरिक्ष विज्ञान शिक्षा संवर्द्धन कार्यक्रम 'आविष्कार के क्रियान्वयन' को लेकर बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रतिभागिता में प्रदेश के विद्यार्थियों में अंतरिक्ष की जानकारियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण को देखा।

राज्यपाल ने कहा कि कार्यक्रम के लिए एक बेहतर मॉडल तैयार कर जल्द काम शुरू किया जाए। उन्होंने प्रारम्भिक स्तर पर कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए विद्यार्थियों का चयन टेस्ट के जरिए करने का निर्देश दिया। टेस्ट के लिए उन्होंने 15 जुलाई की तिथि निर्धारित करते हुए दो दिन के अंदर परिणाम घोषित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने 22 जुलाई से कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश भी दिया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों का अंतरिक्ष संवर्द्धन प्रारम्भ करने से पूर्व सभी मेंटर शिक्षकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम कराने की बात कही। तय हुआ कि 2 और 3 जुलाई को लखनऊ विवि में मेंटर शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा।

लविवि के प्रो. राजीव मनोहर ने बताया कि लविवि और एकेटीयू से दस-दस शिक्षक और भाषा विवि से पांच शिक्षक मेंटर बनाए जाएंगे। लखनऊ के दस माध्यमिक विद्यालयों से प्रति विद्यालय से पांच शिक्षक मेंटर बनाए जाएंगे। विवि स्तर पर 25 शिक्षक मेंटर होंगे और माध्यमिक विद्यालय स्तर पर 50 शिक्षक मेंटर होंगे। हर शिक्षक 20 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण निशुल्क है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक भगवती सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू यह योजना प्रदेश के 9600 बच्चों के लिए स्वीकृत है। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, कुलपति व विश्वविद्यालयों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## HINDUSTAN PAGE 8

### आविष्कार से स्पेस शिक्षा हब बनेगा यूपी

लखनऊ। प्रदेश को अंतरिक्ष ज्ञान का हब बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए अंतरिक्ष विज्ञान शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम 'आविष्कार' को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसकी रूपरेखा तय करने के लिए मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई।

एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पांडेय, एलयू प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह और भाषा विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने अपने विचार रखे। एलयू के प्रो. राजीव मनोहर ने कार्यक्रम से फायदा पहुंचाने के लिए एक प्रस्तुतीकरण दिया।

### एलयू में बीएससी और बीजेएमसी के नतीजे जारी

लखनऊ। एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के मद्देनजर कई कार्यक्रमों के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नतीजे देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी होम साइंस एनईपी दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर, आचार्य चौथे और दूसरे सेमेस्टर, एमए पर्सियन दूसरे सेमेस्टर, बीजेएमसी एनईपी चौथे सेमेस्टर और बीएससी एजी एनईपी के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि परिणाम जारी

**लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इसमें बी.एससी होम साइंस एनईपी दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर, आचार्य दूसरे-चौथे सेमेस्टर, बी.एससी एग्रीकल्चर दूसरे, बीएजेएमसी एनईपी चौथे, एम.ए पर्शियन दूसरे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। (जासं)

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि में बीएससी और बीजेएमसी के नतीजे जारी

लखनऊ। लविवि में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के मद्देनजर कई कार्यक्रमों के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नतीजे देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी होम साइंस एनईपी दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर, आचार्य चौथे और दूसरे सेमेस्टर, एमए पर्सियन दूसरे सेमेस्टर, बीजेएमसी एनईपी चौथे सेमेस्टर और बीएससी एजी एनईपी के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड कर दिया गया है। परीक्षाफल को लेकर किसी को कोई समस्या है तो वह परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से सम्पर्क कर सकता है।